सत्यमेव जयते

संख्या १

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## सरकारी रिपोर्ट

बुधवार, तिथि १ सितम्बर, १९५४ ।

Vol. V

No. 1

# The Bihar Legislative Assembly Debates

## Official Report

*Wednesday, the 1st September, 1954.*


अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, बिहार,
पटना, द्वारा मुद्रित,
१९५५ ।

[ मूल्य—६ आना । ]
[ *Price—Annas 6.* ]

दरभंगा जिला में हरिजनों के लिए कुएँ।

२०५। श्री हृदय नारायण चौधरी—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) दरभंगे जिले में हरिजन कल्याण विभाग की ओर से १९५२ और १९५३ के अन्त तक कितने कुएँ और कितने ट्यूबवेल क्रमशः खुदवाये और गड़वाये गये हैं;

(ख) उपरोक्त वर्षों में दरभंगा जिले में कितने हरिजन परिवारों को घर बनाने के लिये सहायता दी गई है?

श्री भोला पासवान—(क) १९५२ ई० में कल्याण विभाग की ओर से कुआं तथा ट्यूबवेल की खोदाई के लिये कोई रकम स्वीकृत नहीं हुई थी। १९५३ में केवल ७ कुओं की खुदाई में हाथ लगाया गया। ट्यूबवेल गाड़ने के लिये कोई रकम स्वीकृत नहीं हुई।

(ख) केवल १९५३ ई० में १५ घरों के लिये ५,०५५ रुपये गृहविहीन हरिजनों के गृह निर्माण के लिये सरकार द्वारा सहायता दी गई है।

---

थारु जाति के छात्रों की छात्रवृत्ति।

२०६। श्री जगन्नाथ प्रसाद स्वतंत्र—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) बेतिया सबडिवीजन के थारु एवं धांगर जाति के कितने छात्रों को १९५३-५४ साल में छात्रवृत्ति दी गयी है;

(ख) छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों के नाम, वर्ग, जाति, स्कूल क्या है;

(ग) प्रत्येक छात्र को किस दर से छात्रवृत्ति दी गयी है?

श्री भोला पासवान—(क) बेतिया सबडिवीजन के १५ थारु एवं एक धांगर जाति के छात्रों को १९५३-५४ साल में छात्रवृत्ति दी गयी है।

(ख) छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों के नाम, वर्ग, जाति तथा स्कूल नीचे दी गयी सूची में देखें।

(ग) प्रत्येक छात्रों को जिस दर से छात्रवृत्ति दी गयी है वह नीचे की सूची में अंकित है।